भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1209
सोमवार, 11 दिसम्बर, 2023/20 अग्रहायण, 1945 (शक)

ऋण प्रपत्र और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड

1209. श्री डॉ. टी सुमति (ए) तामिझाचि थंगापंडियन:

क्या **श्रम और रोजगार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने ऋण प्रपत्र और एक्सचेंज ट्रेडेड फंडों में भारी निवेश किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा विगत सात वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान शेयर बाजार और संबंधित उत्पादों में कुल कितना निवेश किया गया है; और
(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान ब्ल्यू चिप कंपनियों के शेयरों में निवेश की गई कुल ईपीएफ राशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग): कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) सरकार द्वारा अधिसूचित निवेश पद्धति के अनुसार निवेश करता है। दिनांक 31.03.2022 तक की स्थिति के अनुसार ईपीएफओ द्वारा संचालित विभिन्न फंडों के अंतर्गत कुल कॉर्पस राशि 18.30 लाख करोड़ रूपय थी, जिसे निम्नानुसार निवेश किया गया:

ऋण निवेश (भारत के लोक लेखा सहित)	ईटीएफ निवेश
91.30%	8.70%

ईपीएफओ, किसी ब्ल्यू चिप कंपनी के स्टॉक सहित व्यष्टि स्टॉक में निवेश नहीं करता है। ईपीएफओ, इक्विटी बाजारों में बीएसई-सेंसेक्स एवं निफ्टी-50 सूचकांकों की प्रतिकृति के रूप में ईटीएफ के माध्यम से निवेश करता है। ईपीएफओ ने निकाय कॉर्पोरेटों में भारत सरकार की शेयरधारिता के विनिवेश के लिए विशेष रूप से बनाए गए ईटीएफ में भी समय-समय पर निवेश किया है। पिछले सात वर्षों और चालू वर्ष के दौरान ईटीएफ में ईपीएफओ द्वारा किये गए निवेश का ब्यौरा निम्नानुसार है:

जारी...2/-

वर्ष	**निवेश की गई राशि (करोड़ रुपये में)**
2016-17	14,983
2017-18	24,790
2018-19	27,974
2019-20	31,501
2020-21	32,071
2021-22	43,568
2022-23	53,081*
2023-24 (अक्टूबर, 2023 तक)	27,105*

*अनंतिम

*****